दैनिक जागरण 27/08/2025

# कार्यक्रम में शिक्षकों को बताए नई शिक्षा नीति के फायदे



कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता • सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला •(विज्ञप्ति) : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में न्यू एजुकेशन पालिसी (एनईपी-2020) सैल की ओर से शिक्षकों के लिए एक मेंटरशिप सत्र का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों को नई प्रणाली की आवश्यकताओं को समझाना और समावेशी एवं उच्च-गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करना था। कार्यशाला के प्रमुख वक्ता महाविद्यालय के परीक्षा निदेशक डा. सुरेंद्र कुमार रहे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की अवधारणाओं और बदलती शिक्षा प्रणाली की आवश्यकताओं को समझने में सहायक होते हैं। मुख्य वक्ता डा. सुरेंद्र कुमार ने शिक्षकों को एनईपी के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। कार्यक्रम में एनईपी 2020 सैल की संयोजक डा. ज्योति सौरोत, डा. पिंकी गुप्ता, डा. गीता कौशिक, राजिंद्र मीरवाल, निकांशी आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, कालेज में एपेक्स एसडीजी चैंपियन 2025 के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इंट्रा-कालेज रील/ब्रोशर प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में महक पहले, इशिका दूसरे और निखिल तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा, राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने हरियाणा विधानसभा का दौरा कर सत्र की कार्यवाही का अवलोकन किया।